प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेला में छात्रों द्वारा बनाए गए कैलेंडर और शगुन लिफाफे बने आकर्षण का केंद्र

पन्तनगर। 11 मार्च 2024। विश्वविद्यालय में 9 से 12 मार्च 2024 तक चल रहे किसान मेला में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग के छात्रों द्वारा डिजिटल डिजाइनिंग का इस्तेमाल कर बनाए गए कैलेंडर और शगुन लिफाफे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोर्स इंचार्ज एवं प्रभारी अधिकारी, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन डा. अनुपमा पांडे के मार्गदर्शन में विभाग के 13 विद्यार्थियों ने 'हैंड्स ऑन ट्रेनिंग इन प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन' पाठ्यक्रम के अंतर्गत आय सृजन परियोजना के रूप में कुछ उत्पादों को विकसित किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के स्टॉल पर बिक्री के लिए रखे गए इन कैलेंडरों और शगुन लिफाफों को किसान मेला के उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा भी सराहा गया। इन कैलेंडरों और शगुन लिफाफों की खास बात यह है कि इन्हें उत्तराखंड की संस्कृति से जुडे विभिन्न विषयों पर आधारित बनाया गया है। कुछ कैलेंडर और लिफाफे परंपरागत बुन्दी कला से सजे हैं, तो कुछ में रंगारंग ऐपण कला की झलक देखने को मिलती है। वहीं, कुछ कैलेंडरों में उत्तराखंड की धरोहर स्थलों के चिह्न, पहाड़ों की मनोरम छवियां और राज्य के पारंपरिक ढांचों को दर्शाया गया है। आकर्षक डिजाइन से युक्त ये कैलेंडर और शगुन लिफाफे न सिर्फ किसानों को पसंद आ रहे हैं बल्कि मेले में आने वाले अन्य आगंतुकों को भी खूब लुभा रहे हैं। इस पहल से छात्रों को न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक कदम बढाया है।

निदेशक संचार